पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल की नववर्ष पर बधाई

लखनऊः 31 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने नववर्ष के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को सहृदय शुभकामनाएँ देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

नववर्ष की पूर्व सन्ध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में राज्यपाल ने कहा है कि यह नूतन वर्ष-2015 सभी के लिये सुख, समृद्धि और शांति से परिपूर्ण हो। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह नया साल पिछले वर्ष के सभी दुःख भरे क्षण भुलाकर नये एवं शांतिमय कल की शुरूआत करेगा।

श्री नाईक नववर्ष के अवसर पर राजभवन में कल पूर्वान्ह 10:30 से 11:30 बजे तक गणमान्य नागरिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर बधाई भी देंगे।